जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी),
(जल संसाधन विभाग, बिहार का एक स्वशासी संस्थान),
फुलवारीशरीफ, पटना।

विज्ञापन संख्या......02......../ वाल्मी, पटना, दिनांक....24/01/25......../

**<u>संविदा पर नियोजन हेतु सूचना</u>**

बिहार सरकार सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या–10000 में निहित प्रावधान एवं वाल्मी शासी पर्षद को प्रदत्त शक्ति के कंडिका–35.1 (2) (b) के आलोक में राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के कार्य विभागों से कार्यपालक अभियंता या उच्चतर पदों से सेवानिवृत्त पदाधिकारी से जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी), पटना के अंतर्गत रीडर, जल उपयोग प्रबंधन (सलाहकार) के रिक्त पद पर संविदा के आधार पर नियोजन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि–04.02.2025 (मंगलवार) अपराह्न 5.00 बजे तक है। इच्छुक सेवानिवृत्त पदाधिकारी दिनांक 04.02.2025 तक वाल्मी कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा स्पीड पोस्ट या ई–मेल walmiwrd@gmail.com पर अपराह्न 5.00 बजे तक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में जमा कर सकते है। संविदा पर नियोजन से सम्बन्धित विस्तृत सूचना नियोजन की शर्तें एवं विहित प्रपत्र वेबसाईट www.prdbihar.gov.in या www.wrd.bih.nic.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है। संविदा पर नियोजन से सम्बन्धित अन्य कोई जानकारी यदि आवश्यक हो तो किसी भी कार्य दिवस को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 5.00 बजे अपराह्न के बीच निदेशक (मुख्य अभियंता), वाल्मी, पटना के कार्यालय में सम्पर्क कर अथवा दूरभाष संख्या 0612–2452204 पर या ई–मेल walmiwrd@gmail. com पर प्राप्त की जा सकती है।

24/01/2025

निदेशक (मुख्य अभियन्ता)
वाल्मी, पटना ।

24/1/25

जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी),
(जल संसाधन विभाग, बिहार का एक स्वशासी संस्थान),
फुलवारीशरीफ, पटना।

विज्ञापन संख्या.....02...../ वाल्मी, पटना, दिनांक....24/01/25..../

**संविदा पर नियोजन हेतु सूचना**

बिहार सरकार सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या–10000 में निहित प्रावधान एवं वाल्मी शासी पर्षद को प्रदत्त शक्ति के कंडिका–35.1 (2) (b) के आलोक में राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के कार्यपालक अभियंता या उच्चतर पदों से सेवा निवृत पदाधिकारी से जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी), पटना के अंतर्गत रीडर, जल उपयोग प्रबंधन (सलाहकार) के रिक्त पदं पर संविदा के आधार पर नियोजन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| कमांक | रिक्त पद का नाम | रिक्ति की संख्या | सेवा निवृति के समय अंतिम धारित पद का नाम | वांछित योग्यता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रीडर, जल उपयोग प्रबंधन (सलाहकार) | 1 | कार्यपालक अभियंता या उच्चतर पद | असैनिक अभियंत्रण में स्नातकोत्तर डिग्री | वाल्मी पटना एवं दिल्ली स्थित भारत सरकार के कार्यालयों में कार्य का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी के लिए वांछित योग्यता का शिथलीकरण किया जा सकता है तथा नियोजन में प्राथमिकता दिया जा सकता है। |

इच्छुक सेवानिवृत पदाधिकारी दिनांक 04.02.2025 को अपराह्न 05.00 बजे तक वाल्मी कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा स्पीड पोस्ट या ई मेल आई0 डी0 walmiwrd@gmail.com पर अपना आवेदन विहित प्रपत्र में जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। साक्षात्कार की तिथि आवेदक के ई–मेल पर दी जायेगी।

**2. नियोजन की शर्त्ते :–**

(i) चयन हेतु उम्मीदवार की अधिकतम उम्र सीमा 62 वर्ष होगी। चयन प्रथमतः एक वर्ष अथवा उक्त पद पर नियमित नियुक्ति होने तक के लिए किया जायेगा तथा अधिकतम उम्र सीमा 65 वर्ष तक आवश्यकतानुसार एक–एक साल के लिए उनकी सेवा का विस्तार उनके कार्यो की समीक्षा के उपरांत की जा सकेगी। विशेष परिस्थिति में सेवानिवृत सरकारी सेवको का संविदा विस्तार वाल्मी शासी पर्षद की सहमति से 65 वर्ष के बाद भी 67 वर्ष तक किया जा सकेगा ।

(ii) उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा समय–समय पर की जायेगी और यदि कार्य संतोषजनक नहीं होगी तो उनकी संविदा एक माह की सूचना पर रद्द की जा सकती है।

(iii ) संविदा के आधार पर नियोजन संस्थान में रिक्ति के विरूद्ध किया जायेगा। नियमित नियुक्ति होने के साथ संविदा स्वतः समाप्त कर दिया जायेगा।

(iv) नियोजन हेतु चयन किये जाते समय उनके सरकारी कार्य हेतु स्वस्थ्य होने के संबंध में असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र आवश्यक होगा।

(v) संविदा पर नियोजित सरकारी सेवकों का मासिक मानदेय उन्हें प्राप्त होने वाले अंतिम वेतन +सेवा निवृति के समय अतिम वेतन पर प्राप्त महंगाई भत्ता के योगफल की राशि में से पेंशन की राशि + सेवा

निवृति के समय पेंशन की राशि पर प्राप्त महंगाई राहत को घटाने के बाद जो शेष राशि होगी वही निर्धारित किया जायेगा, परन्तु पेंशन पर महंगाई राहत का भुगतान नियमानुसार होता रहेगा। मासिक मानदेय की यह राशि उक्त सेवा निवृत सरकारी सेवक के संविदा अवधि में कार्यरत रहने की तिथि तक स्थिर रहेगी।

(vi) सेवा निवृत और संविदा नियोजन के बीच वेतन/पेंशन पुनरीक्षण हो जाने की स्थिति में भी निर्धारित मानदेय अपरिवर्तित रहेगा।

(vii) नयी पेंशन योजना से सेवा निवृत सरकारी सेवक का मासिक मानदेय उनके नियोजन के पद संवर्ग के लिए अनुमान्य पे बैण्ड / लेवल का प्रारंभिक वेतन + उस प्रारंभिक वेतन पर नियोजन की तिथि को अनुमान्य महंगाई भत्ता की राशि के योगफल के समतुल्य होगा। परन्तु इस प्रकार से परिगणित मानदेय सेवानिवृति के समय प्राप्त वेतन एवं उसपर अनुमान्य महंगाई भत्ता के योगफल से अधिक नहीं होगी। अधिक होने की स्थिति में सेवानिवृति के समय वेतन + महंगाई भत्ता का योगफल ही पारिश्रमिक रूप में अनुमान्य किया जायेगा। इस प्रकार निर्धारित मानदेय संविदा अवधि में स्थिर रहेगा।

(viii) जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी), पटना/ अन्य प्रशिक्षण संस्थान/शिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण / शिक्षण कार्य एवं सम्पर्क कार्यालय, दिल्ली में कार्य करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दिया जायेगा।

(ix) उक्त प्रक्रिया के अधीन निम्नांकित सरकारी सेवक नियोजन के योग्य नहीं माने जायेगे:–

(क) जिन पर कोई निगरानी का मामला चल रहा हो ।
(ख) जिन पर कोई विभागीय कार्रवाई चल रहा हो ।
(ग) जिन पर कोई गंभिर आरोप विचाराधीन हो ।
(घ) चयन समिति की दृष्टि में स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से जो सक्षम प्रतीत न हो ।
(ड़) उपर्युक्त (क) से (ग) के लिए शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।

(xi) आवेदन पत्र के साथ पी0पी0ओ0 (यदि निर्गत हो), अंतिम वेतन प्रमाण–पत्र की स्व–अभिप्रमाणित (छाया प्रति) संलग्न करना अनिवार्य होगा।

सीमा कुमारी
24/01/2025

निदेशक (मुख्य अभियंता)
24/1/25 वाल्मी, पटना।

# <u>नियोजन हेतु आवेदन–प्रपत्र</u>

| उम्मीदवार का स्वअभिप्रमाणित रंगीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ |
|---|

1. आवेदित पद का नामः–
2. आवेदक का नाम :–
3. आवेदक के पिता / पति का नामः–
4. स्थायी पता :–
5. पत्राचार का पताः–
6. आवेदक की जन्म तिथि एवं सेवानिवृति की तिथिः–
7. शैक्षणिक योग्यताः–
   (सभी प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें)
8. सेवा वृतांत :–
9. कार्यालय का नाम जहॉ से सेवा निवृत हुए हैः–
10. सेवा निवृति के समय पदनाम :–
11. सेवा निवृति के समय प्राप्त होने वाले वेतन / पे बैंड / पे लेवल / महंगाई भत्ता एवं अन्य कुल प्राप्त होने वाली राशि(अंतिम वेतन प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करे):–
12. वर्त्तमान में पेंशन की राशि (पी0पी0ओ0 की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करे):–
13. मोबाईल संख्याः–
14. ई मेलः–

## <u>घोषणा– पत्र</u>

प्रमाणित किया जाता है कि आवेदन पत्र में दी गई सभी सूचनाएँ मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है। मेरे द्वारा न तो कोई सूचना छिपाई गई है और न ही अनुचित ढंग से प्रस्तुत की गई है। यदि भविष्य में किसी स्तर पर दी गई जानकारी से किसी प्रकार की भिन्नता पायी जाती है तो मेरी उम्मीदवारी / नियोजन बिना किसी पूर्व सूचना के ही अस्वीकृत किया जा सकता है एवं विधिक कार्रवाई की जा सकती है।

आवेदक का हस्ताक्षर